**दिल्ली दुग्ध योजना के संयंत्रों की उत्पादन क्षमता**

574. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली दुग्ध योजना के अधीन विभिन्न संयंत्रों की वर्तमान उत्पादन क्षमता क्या है ;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान उत्पादित विभिन्न उत्पादों की मात्रा क्या है ; और

(ग) इन संयंत्रों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने के लिए गत तीन वर्षों के दौरान क्या प्रयास किये गये हैं ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन)**: (क) दिल्ली दुग्ध योजना की वर्तमान उत्पादन क्षमता 5.88 लाख लीटर दूध प्रति दिन है।

| मद | यूनिट | 1988–89 | 1989–90 | 1990–91 |
|---|---|---|---|---|
| दूध | लाख लीटर | 1446.79 | 1623.88 | 1873.19 |
| घी | मीटरी टन | 533 | 896 | 328 |
| टेबल बटर | मीटरी टन | 56 | 82 | 33 |
| सुगंधित दही (कप) | संख्या लाख में | 3.82 | 6.59 | 10.41 |
| सुगंधित दूध | संख्या लाख में | 3.91 | 3.06 | 3.65 |

(ग) दिल्ली दुग्ध योजना की क्षमता, अप्रैल, 1990 से 3.75 लाख लीटर प्रति दिन से बढ़ाकर 5.000 लाख लीटर प्रति दिन कर दी गई है।

**Shrimp and fish culture project in Andhra Pradesh**

575. SHRI P. UPENDRA : Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether the World Bank has agreed to finance the shrmp and fish culture project in Andhra Pradesh ;

(b) if so, by when the project is likely to be completed ; and

(c) whether the World Bank has agreed to finance similar projects in other States?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI MULLAPPALLY RAMACHANDRAN) : (a) Yes, Sir.

(b) The project which is proposed to be taken up for implementation from May ,1992 is likely to be completed after seven years *i.e.* by 1999.

(c) Yes, Sir. This project will be taken up for implementation in Bihar, Orissa, Uttar Pradesh and West Bengal as well.

**कृषि अनुसंधान और शिक्षा पर व्यय**

576. **श्री राम नरेश यादव** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में, अन्य विकासशील देशों की तुलना में कृषि अनुसंधान और शिक्षा पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद का कितना प्रतिशत खर्च किया जा रहा है ;

(ख) क्या यह सच है कि गत पांच वर्षों के दौरान उसमें लगातार गिरावट आ रही है; उसके क्या कारण हैं ? और

(ग) यदि हां, तो सरकार बढ़ती हुई जनसंख्या की आवश्यकता की चुनौती को पूरा करने के लिए क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?